दिनांक : 21.04.2045 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणीए भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- लोकसेवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री आज लोक सेवकों को करेंगे पीएम उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित।
- मंदसौर का गांधी सागर अभ्यारण्य चीतों का बना दूसरा घर। मुख्यमंत्री ने कल दो चीतों को अभ्यारण्य में छोड़ा।
- सीहोर में महिला स्व-सहायता समूह की नई पहल। कर रहा है समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी।
- प्रदेश में गर्मी के तीखे तेवरए मौसम विभाग ने कहा-अभी और बढ़ेगा तापमान।

लोक सेवा दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 17वें लोक सेवा दिवस पर देश के लोक सेवकों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान करेंगे। लोक सेवा दिवस देश भर में लोक सेवकों के लिए नागरिकों के हित के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करने तथा अपने कार्य में लोक सेवा और उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है। यह तिथि उस दिन को याद करने के लिए चुनी गई थी जब सरदार वल्लभभाई पटेल ने 1947 में मेटकॉफ हाउस दिल्ली में प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के परिवीक्षार्थियों को संबोधित किया था। मध्यप्रदेश की झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना और बड़वानी में कलेक्टर रहे राहुल हरिदास फटिंग को पीएम उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

विज्ञान यात्रा-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् की 17 वीं "विज्ञान मंथन यात्रा" के लिए चयनित प्रतिभाशाली भावी वैज्ञानिकों से आज संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री निवास में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री यात्रा पर जाने वाले भावी वैज्ञानिको को सम्मानित करेंगे। साथ ही विज्ञान मंथन यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। 17वीं विज्ञान मंथन यात्रा आज से 27 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। योजना में चयनित प्रतिभागियों को देश की प्रतिष्ठित प्रयोशालाओं और समर्पित वैज्ञानिकों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में सफल होने वाले प्रत्येक कक्षा के 20 चयनित विद्यार्थियों को 5 वर्षों तक 12 हजार रुपए प्रति वर्ष की स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी। यात्रा के लिए इस वर्ष कक्षा 10वीं से 12वीं विज्ञान विषय में अध्यनरत पूरे प्रदेश के कुल 375 छात्र-छत्राओ का चयन किया गया है।

चीता प्रोजेक्ट

प्रदेश में अब कूनो नेशनल पार्क के बाद मंदसौर का गांधी सागर अभयारण्य चीतो का दूसरा घर बन गया है। कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गांधी सागर अभयारण्य में प्रभाष" और "पावक" नाम के दो चीतों को छोड़ा। उन्होंने इस अवसर को ऐतिहासिक बताते हुआ कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टाइगर स्टेट मध्यप्रदेश को चीता स्टेट बनाने का गौरव दिया है। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की आबोहवा चीतों के लिए अनुकूल है। उन्होंने बताया कि मई माह में बोत्सवाना से 4 चीते और लाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री-रामपुरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल नीमच जिले के रामपुरा में कई विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास किया। उन्होंने मेसर्स स्वराज शूटिंग द्वारा नीमच में 150 करोड़ की लागत से स्थापित वस्त्र निर्माण इकाई का लोकार्पण किया। प्रथम चरण में इस वस्त्र निर्माण इकाई में 750 महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि औषधीय वनस्पति की राजधानी नीमच- मंदसौर को चीता प्रोजेक्ट और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री ने रामपुरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र के नवीन भवन निर्माणए नगर की सभी सड़कों के निर्माण और 3 साल में प्रदेश के 32 लाख किसानों को सोलर पंप दिए जाने की घोषणा भी की।

शिवराज-ब्राज़ील यात्रा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी ब्राज़ील यात्रा पुरी कर आज भारत लौट रहे हैं। 15वीं ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक मेंए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी के साथ-साथ यह दौरा भारत और ब्राजील के बीच कृषि व्यापारए तकनीक और नवाचार को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ब्राजील प्रवास के दौरान कल साओ पाउलो में भारतीय समुदाय के नागरिकों के साथ श्री सिंह ने संवाद किया। उन्होंने अनियंत्रित और असीमित केमिकल व फर्टिलाइजर के उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए प्राकृतिक खेती मिशन की जानकारी दी।

अच्छी खबर- सीहोर

सीहोर जिले में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह ने नई पहल की हैं। जिले में महिला स्व सहायता समूह द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदारी की जा रही है।

*राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत चल रहे नवाचार द्वारा महिला स्व सहायता समूह द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी से समूह की महिलाओं की आर्थिक समृद्धि बढ़ रही है और किसानों को राहत महसूस हो रही है की महिलाएं ईमानदारी से अपना कार्य कर रही। बुधनी के गणेश स्व सहायता समूह की सदस्य ऋतु मीणा ने अपने अनुभव आकाशवाणी से साझा किए......*

*महिला स्व सहायता समूह द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी पूरे प्रदेश में चर्चित हो रही है। इस बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए एनआरएलएम के जिला संयोजक दिनेश बरफा ने अपने अनुभव साझा किए.....*

वेव्स-2025

मीडिया जगत की रुचि को ध्यान में रखकरए विश्व श्रव्य दृश्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 के लिए मीडिया के प्रतिनिधियों के लिए पंजीकरण तीन अंतिम दिनों के पुनः शुरू किया जा रहा है। आज से 23 अप्रैल तक मीडिया पेशेवरोंए फ़ोटोग्राफ़रों और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के लिए आवेदन करने और 1-4 मईए 2025 को मुंबई में होने वाले सबसे बहुप्रतीक्षित मीडिया और मनोरंजन (एमएंडई) कार्यक्रम का हिस्सा बनने का आखिरी मौका है। इसके लिए पंजीकरण लिंक ीजजचेरूध्ध्ंचचण्ूंअमेपदकपंण्वतहध्तमहपेजमतध्उमकपं जारी की गई है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बने रहने की संभावना है। कल सर्वाधिक तापमान सीधी में 44 दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा शिवपुरी और टीकमगढ़ में लू का प्रभाव रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग ने दमोहए सागरए सीधीए शिवपुरीए गुना और रतलाम में लू चलने के लिए अलर्ट जारी किया है।

आईपीएल

आईपीएल ट्वेंटी-ट्वेंटी क्रिकेट में कल रात मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को नौ विकेट से हरा दिया। चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 177 रन का लक्ष्य दिया था जिसे मुंबई इंडियंस ने 26 गेंद शेष रहते एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। आज कोलकाता के ईडन गार्डन में कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला गुजरात टाइटन्स से होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- छतरपुर जिला अस्पताल में लापरवाही और दुर्व्यहार पर चिकित्सा अधिकारी और रेडक्रासकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। उप-मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल यह निर्देश जारी किए।

- जनजातीय कार्य एवं पुनर्वास विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज खण्डवा में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
- गुना में गेहूं खरीदी कार्य में लापरवाही करने पर केंद्र प्रभारी राजकुमार शर्मा को निलंबित कर दिया गया है।
- डिंडोरी में नगरीय प्रशासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी कल शहपुरा जनपद में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में शामिल हुई।
- जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कल बैतूल जिले के केलापुर गांव में माचना नदी घाट पर श्रमदान किया गया।
- धार के सीएम राइज विद्यालय में कल से 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ हुआ।

-------

———————